# नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय,
# जबलपुर–482004 (म.प्र.)

कार्यालय दूरभाष नं.:– 0761–2681760, 2681183
ईमेल आईडी – registrarndvsujbp@gmail.com
वेबसाईट – www.ndvsu.org

---

क्र.263../शैक्ष.दीक्षांत/2019 दिनांक 2/2/2019

विषयः– दीक्षांत समारोह के समय उपाधि प्राप्त करने हेतु सूचना एवं सहमति विषयक।

विश्वविद्यालय का पंचम दीक्षांत समारोह दिनांक 21 फरवरी 2019 को अधारताल स्थित नवीन प्रशासनिक भवन परिसर में आयोजित होने जा रहा है। इस समारोह में वर्ष 2016–17 एवं 2017–18 में उत्तीर्ण घोषित स्नातक छात्रों तथा दिनांक 01.11.2016 से 20.01.2019 के मध्य उत्तीर्ण घोषित स्नातकोत्तर छात्रों को उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्रदान किये जावेगें। यदि आप उक्त समारोह में सम्मिलित होकर उपाधि प्राप्त करना चाहते हैं तो संलग्न सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर स्वयं अथवा डाक से दिनांक 15/02/2019 तक या इसके पूर्व कुलसचिव कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त सहमति पत्र पर समारोह में उपाधि प्रदान नहीं की जा सकेगी। सभागार में आपको उपाधि, आपके लिये निर्धारित स्थान पर एवं समय पर ही प्रदान की जावेगी। समयाभाव के कारण केवल स्वर्ण–पदक, स्नातकोत्तर एवं पी.एच.डी. की उपाधि ही महामहिम कुलाधिपति जी द्वारा प्रदान की जावेगी।

दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास एक दिन पूर्व दिनांक 20/02/2019 को दोपहर 1:00 बजे दीक्षांत समारोह स्थल पर आयोजित किया जावेगा, जिसमें स्वर्ण पदक, स्नातकोत्तर एवं पी.एच.डी. उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना होगा। दीक्षांत समारोह में छात्रों को सफेद कुर्ता, पजामा तथा छात्राओं को सफेद सलवार सूट धारण करना होगा। उक्त पोशाक की व्यवस्था उपाधि धारक को स्वयं करनी होगी। समारोह में भाग लेने पर जैकेट, साफा तथा उत्तरीय विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जावेगी। जिस हेतु रू. 500/– की सुरक्षा निधि जमा करनी होगी। समारोह समाप्त होने के पश्चात् जैकेट, साफा एवं उत्तरीय वापिस करने पर सुरक्षा निधि आपको वापिस की जावेगी। दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने हेतु किसी प्रकार का किराया/भत्ता आपको देय नहीं होगा। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

किसी भी प्रकार के Update के लिये सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ndvsu.org को देखें।

संपर्कः– 1. 9425172265, 7987324805
2. कार्यालय दूरभाष नं.:– 0761–2681183

संलग्नः– सहमति पत्र।

2/2/19
कुलसचिव

# नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय
# जबलपुर (म.प्र.)

कार्यालय दूरभाष नं.: 0761–2681183
कार्यालय फैक्स नं : 0761–2681183

## सहमति पत्रक

प्रति,

कुलसचिव
नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय
पशुधन प्रक्षेत्र, अधारताल,
जबलपुर (म.प्र.) 482004

विषय :– नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर का पंचम दीक्षांत समारोह का आयोजन दिनांक 21 फरवरी 2019 में उपस्थित होने की सूचना/सहमति

पंचम दीक्षान्त समारोह में मैं व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर उपाधि प्राप्त करने हेतु रू. 250/– डिमांड ड्रॉफ्ट के रूप में लेखानियंत्रक, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर को जमा करने की सहमति देता/देती हूँ । इसके अलावा दीक्षांत पोशाक की सुरक्षा निधि के रूप में रू. 500/– नगद जमा करने की सहमति देता/देती हूँ जो कि दीक्षांत पोशाक वापिस जमा करने पर लौटा दी जावेगी ।

उपाधि का नाम एवं विषय .................................... हस्ताक्षर ....................................

महाविद्यालय का नाम .................................... विद्यार्थी का नाम ....................................

उत्तीर्ण करने का वर्ष .................................... आई.डी नं. ....................................

ई–मेल .................................... मोबाइल नं. ....................................